बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर-राज.

(कुलपति सचिवालय-विश्वविद्यालय जनसंपर्क प्रकोष्ठ)

रीको करणी इंडस्ट्रीयल एरिया, पूंगल रोड-बीकानेर (334004) राज. मेल : pro@btu.ac.in सम्पर्क : 9667929676



दिनांक : 15 अगस्त 2021
कुलपति सचिवालय, बीकानेर

-शुभकामना संदेश-

75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय परिवार की और से आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

आजादी की 75वीं वर्षगांठ स्वतंत्रता दिवस का सूर्योदय देश में एक नई चेतना, नई उमंग, नया उत्साह, नई ऊर्जा ले कर आया है। इस अवसर पर मैं उन सभी महान सेनानियों के चरणों में कोटि-कोटि वंदन करता हूँ जिन्होंने अपने पराक्रम और बलिदान से देश को आजादी दिलाई और जिन्होंने आज़ादी के बाद देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पण किया। समानता और न्याय के लिए उनकी प्रतिबद्धता, हमारे भारतीय गणतंत्र का मूलमंत्र रहा है। देश के अनेक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के समर्पण, त्याग और बलिदान से देश को आजादी प्राप्त हुई हैं। हमारा भारत देश आत्मविश्वास से भरा हुआ है, संकल्प के साथ परिश्रम की पराकाष्ठा लिए हमारा देश नई ऊंचाईयों को पार कर रहा है।

आजादी की 75वीं वर्षगांठ को पूरा देश अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा हैं, इस अवसर पर हमारा विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के स्वप्न को साकार करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। पिछले कई वर्षो में हमनें हमने विकास की नई दिशाएं तय की है। कोरोना के कारण शिक्षा सुचारु रखना बड़ी चुनौती है। शिक्षण संस्थानों ने नवाचार और तकनीकी को जिस तरह अपनाया है, उससे हम सभी का उत्साह बढ़ा है। आजादी के इस पावन पर्व पर देश को कोरोना वायरस तथा विघटनकारी तत्वों से मुक्ति दिलाने का संकल्प लेने के साथ मैं विद्यार्थियों और युवा पीढ़ी से आह्वान करता हूं कि इस आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा भारत की एकता और अखण्डता को मजबूत करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। मैं सीमा पर और आंतरिक सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर जवानों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर शहीदों के प्रति भी अपनी कृतज्ञता और श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। हमारे पुरखों ने आजादी के लिए अकल्पनीय संघर्ष किया था। स्वतंत्रता दिवस के सुअवसर पर हम सभी को राष्ट्रीय एकता, विकास, भाईचारा, सद्भावना और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए सदैव सजग, तत्पर और दृढ़संकल्पित रहना चाहिए, तभी हम विकास के पथ पर सतत् आगे बढ़ेगे तथा हमारें गौरवशाली भारत की गरिमा भी बढ़ेगी। हमारे देश की युवा शक्ति की आकांक्षाए, सपने और मेहनत विश्व परिदृश्य पर भारत को एक सशक्त राष्ट्र के रुप में स्थापित करने के लिए लगातार सक्रिय है।

स्वतंत्रता दिवस के इस सुअवसर पर प्रदेश में उच्च शिक्षा के विकास की सफल रुपरेखा और तकनीकी शिक्षा के स्वर्णिम आयाम निर्धारित करने हेतु बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय कृतसंकल्प हैं। यह पर्व हमारे देश को और अधिक उन्नत और सक्षम बनाए इसी संकल्पना के साथ 15 अगस्त 2021 की आप सभी को बधाई।

आपका सद्भावी,



प्रो. अम्बरीष शरण विद्यार्थी
कुलपति
बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय